RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 359
हिसार | बुधवार, 27 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ 6

**WANTED**
Female multi-media expert for video editing. Knowledge of Hindi typing on the computer is a must. Salary negotiable. Experience hand would be preferred.
Contact
9812032700,9306262108
दैनिक पाठकपक्ष, हिसार।




# ऑनलाइन दाखिल किया जा सकेगा नामांकन पत्र

## *ऐप में ऑनलाइन जमानत राशि जमा कराने का विकल्प*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 27 मार्च :** देश में चुनाव प्रक्रिया भी डिजिटल हो रही है। इसके चलते लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार अब ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नामिनेशन ऐप्लीकेशन नामक ऐप बनाया है। ऐप में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से जमानत राशि जमा करने का विकल्प भी दिया गया है। एक बार नामांकन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर नामांकन की स्थिति पर नजर रख सकते हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने समीक्षा बैठक में बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने कई मोबाइल ऐप शुरू किए हैं। इनका प्रयोग कर कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटर्स पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है, जब तक कि नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। हरियाणा में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर नामक साफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है।

### शपथ पत्र पोर्टल बनाया गया है

उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। इसी प्रकार बूथ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप को अपने ईपीआइसी कार्ड से जोड़कर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है।

*पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने साधा कांग्रेस पर निशाना*

# बोले- पहले कहते थे मैं लड़ूंगा-मैं लड़ूंगा; अब नैया डूबती देख कह रहे तू लड़-तू लड़

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 27 मार्च :** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा है कि कांग्रेस के नेता चुनाव के लिए पहले कहा करते थे मैं लड़ूंगा, मैं लड़ूंगा। अब कांग्रेस की डूबती नैया को देखते हुए कहते हैं कि तू लड़, तू लड़। इसीलिए आज भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला को कहा है कि मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता आप लड़ो। दरअसल, गत दिवस रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि वे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। रोहतक सीट पर कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व चाहेगा तो दीपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव लड़ेंगे। हुड्डा ने खुद के चुनाव लड़ने पर कहा था कि वे विपक्ष के नेता हैं, इसलिए लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे।



### हुड्डा ने कहा था- सैलजा व सुरजेवाला चुनाव लड़ेंगे तो खुशी होगी

हुड्डा ने कहा था कि कुमारी सैलजा व रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस के सीनियर नेता हैं। अगर वे चुनाव लड़ते हैं तो मुझे खुशी होगी। पूर्व सीएम ने कहा कि एक-दो दिन के अंदर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। उम्मीद है कि इसमें प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा होगी।

# रेलवे की जमीन पर बना मंदिर तोड़ दिया, लोगों ने जताया रोष

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** स्थानीय डबल फाटक के पास रेलवे की जमीन पर बना एक मंदिर को रेलवे प्रशासन में तोड़ दिया है। इस घटना से आसपास के लोगों में भारी गुस्सा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर गंदगी के ढेर होते थे। उन्होंने बड़ी मुश्किल ने हटाकर छोटा सा एक मंदिर बनाया था जो सिर्फ 6 फुट का था। कुछ समय पहले जब मंदिर का निर्माण शुरू किया तो रेलवे ने कुछ नहीं कहा। लेकिन अब जब मंदिर बन गया लोगों की इसमें आस्था हो गई तो रेलवे ने अचानक आकर से तोड़ दिया।

# माइक्रो डोनेशन महासंपर्क अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण व जनता से जुड़ने का अभियान : जवाहर सैनी

## *जिले में अभियान को बनाया जाएगा शत प्रतिशत कामयाब : आशा खेदड़*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** भाजपा जिला कार्यालय में माइक्रो डोनेशन महासंपर्क अभियान का चलाया गया। यह अभियान आज पूरे प्रदेश में एक साथ चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने की जबकि जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रही।

जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी के संयोजन में हुए कार्यक्रम में आए हुए कार्यकर्ताओं, पदाधिकाारियों व आम नागरिकों ने मौके पर नमो ऐप के माध्यम से भाजपा को माइक्रो डोनेशन स्वेच्छा अनुसार किया। जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने इस अवसर पर कहा कि माइक्रो डोनेशन महासंपर्क अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण व आम जनता से सीधे जुड़ने का अभियान है। हर कार्यकर्ता को इसमें अपना प्रमुख योगदान देना चाहिए।

जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि जिले के कार्यकर्ता माइक्रो डोनेशन अभियान में अपनी प्रमुख भूमिका निभाकर इसे कामयाब बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को सिरे चढ़ाने में हिसार जिला सदैव अग्रणी रहा है और इस अभियान को भी अग्रणी रहकर सिरे चढ़ाया जाएगा।



जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि आए हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में अभियान के प्रति उत्साह देखा गया। यह अभियान पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा जिला महामंत्री अशोक सैनी, आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, संजीव रेवड़ी, जिला मंत्री डॉ. वैभव बिदानी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा, श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरेश जांगड़ा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हर्ष बामल, मंडल अध्यक्ष सुशील रेड्डु, राजपाल नियाणा, डॉ. फूलकुमारी, डॉक्टर पूनम जांगड़ा, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी देवी व प्रवीण सैनी सहित अनेक लोगों ने महासंपर्क अभियान में भाग लिया।

# मलिक टोयोटा ने लॉन्च की नयी टोयोटा वेलफायर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** मलिक टोयोटा ने आज अपने हिसार शोरूम पर हाइब्रिड इलेक्ट्रिक प्रीमियम एम पी वी टोयोटा वेलफायर के नए मॉडल को लांच किया। यह एक लक्ज़री से भरपूर व आधुनिक फीचर्स युक्त गाड़ी है, जिसने अपनी एक अलग पहचान बनाई हुई है। इस एम पी वी में टोयोटा की मानी हुई सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है जो के बेहतरीन परफॉरमेंस देने के साथ साथ कम प्रदूषण की वजह से पर्यावरण को भी सुरक्षित रखती है। गाड़ी लांच करते हुए मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक श्री अक्षय मलिक ने बताया की यह गाड़ी उन ग्राहकों को लुभाती है जिनकी प्राथमिकता सफर के दौरान बेहतरीन कम्फर्ट के साथ-साथ नवीनतम टेक्नोलॉजी, लक्ज़री फीचर्स व टोयोटा की मानी हुई सेफ्टी भी है। इसे आप एक चलता फिरता लक्ज़री लाउन्ज भी कह सकते हैं।


**इस गाड़ी के बेहतरीन फीचर्स ही इसे सबसे अलग बनाते हैं, जिसमे शामिल हैं-**

- 2. 5 लीटर गैसोलीन इंजन, सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी के साथ।
- फुल इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल्ड एग्जीक्यूटिव लाउन्ज सीट्स।
- ड्यूल सन रूफ।
- 3 जोन एयर कंडीशनर।
- प्राइवेसी स्क्रीन्स।
- वी आई पी स्पॉटलाइट।
- रियर सीट एंटरटेनमेंट स्क्रीन।
- 15 स्पीकर जे बी एल साउंड सिस्टम।
- स्मार्ट इंफोटेनमेंट सिस्टम, एंड्राइड ऑटो और एप्पल कार प्ले के साथ।
- 14 कलर एम्बिएंट कलर लाइटिंग।
- पावर स्लाइडिंग डोर।
- 6 एयर बैग।
- ऐ बी इस, इ बी डी व ब्रेक असिस्ट फंक्शन।
- व्हीकल स्टेबिलिटी कण्ट्रोल।
- टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम।
- 19 इंच के मशीन फिनिश अलॉइ व्हील।
- थ्री लेंस एलईडी हेड लैम्प।
- यह गाड़ी पर्ल वाइट, ब्लैक व प्रेशस मेटल कलर में उपलब्ध है। इसकी एक्स शोरूम कीमत वीआईपी मॉडल की 1,29,90,000/- रूपये और हाई मॉडल की 1,19,90,000/- रुपये है।

# रोहतक की नहर में डूबा हिसार का युवक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** हिसार जिले के गांव पुट्ठी निवासी एक युवक रोहतक से होकर गुजर रही जुई फीडर नहर में डूब गया, लेकिन उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। तलाशने के लिए एनडीआरएफ की टीम भी जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गया था, इसी दौरान वह नहर में डूब गया। युवक की पहचान हिसार जिले के गांव पुट्ठी निवासी करीब 21 वर्षीय आशीष के रूप में हुई। जो फाग के दिन रोहतक जिले के गांव सैमाण के पास से गुजरने वाली जुई फीडर नहर में दोस्तों के साथ नहाने के लिए आया था। इसी दौरान वह नहर में डूब गया, वहीं आसपास के लोगों ने इसका पता लगने के बाद बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे बचा नहीं सके।









## सम्पादकीय..........

### क्या दिल्ली सरकार जेल से चलेगी...?

*कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्थापित परंपरा से अलग जाते हुए जेल से सरकार चलाने का जो फैसला किया है, उसने एक नए विवाद और नए विमर्श को जन्म दिया है। विवाद इसलिए कि पूर्व में जब भी ऐसी परिस्थिति पैदा हुई, तो संबंधित मुख्यमंत्री ने हिरासत में लिए जाने से पहले अपना त्यागपत्र सौंप दिया। उन मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे राजनीतिक शुचिता और सांविधानिक गरिमा की रक्षा के नैतिक दबाव से प्रेरित रहे। मगर, केजरीवाल के रुख ने विरोधियों को उन पर हमले का मौका मुहैया करा दिया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए ईडी की हिरासत में हैं, तो उनके पास लेखन सामग्री कहां से आई कि वह अपने मंत्रियों को निर्देश जारी कर रहे हैं? अब उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग कर डाली है। जाहिर है, आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है; केजरीवाल और उनकी पार्टी के मौजूदा रुख के पीछे जहां दिल्ली व देश के मतदाताओं तक यह पैगाम पहुंचाना है कि सलाखों के पीछे भी आपके हितों के लिए मुख्यमंत्री सक्रिय हैं, तो वहीं भाजपा व एनडीए का पूरा प्रयास उनके इस कदम को अनैतिक ठहराने का है। राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों से परे इस प्रकरण ने देश और समाज के आगे विमर्श का एक गंभीर मुद्दा पेश किया है, क्योंकि संविधान इस संदर्भ में मौन है। संविधान यही कहता है कि मंत्रियों की एक परिषद होगी, जो शासन संबंधी फैसले लिया करेगी और मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री होगा। मंत्रिपरिषद की बैठक की सदारत के लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति की बाध्यता नहीं है, काबीना का वरिष्ठतम मंत्री यह दायित्व निभा सकता है। ऐसे में, सरकार के दैनंदिन कार्यों में फौरी तौर पर कोई खास व्यवधान नहीं आने वाला। फिर जेल मैनुअल भी विचाराधीन कैदियों को सप्ताह में एक दिन मुलाकात का मौका देता है और यह भी प्रावधान है कि सभी कैदी पंद्रह दिनों में एक बार अपने रिश्तेदारों, साथियों, कानूनी सलाहकारों को पत्र लिख सकते हैं। ऐसे में, यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि यह मामला लंबा खिंचता है, तो क्या इस विधानसभा के शेष कार्यकाल में दिल्ली सरकार जेल से चलेगी? निस्संदेह, केंद्र अभी इस स्थिति को लेकर कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकता, क्योंकि आमचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मगर इस कथित घोटाले में जांच एजेंसियों की दक्षता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। कई लोग पूछ रहे हैं कि इतने महीनों बाद भी इस मामले में ट्रायल क्यों नहीं शुरू हुआ? नैतिकता का कोई सवाल एकांगी नहीं होता। किसी अन्य से नैतिकता की अपेक्षा करते हुए खुद भी मजबूत नैतिक धरातल पर खड़े रहना पड़ता है, वरना उसका कोई मूल्य नहीं रह जाता। दुर्योग से पिछले कुछ समय से हमारे समूचे राजनीतिक माहौल में जिस एक चीज का सबसे अधिक ह्रास हुआ है, वह नैतिकता ही है। इसलिए अगली संसद से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह ऐसे मसलों पर वैधानिक स्थिति को स्पष्ट करे। ऐसे गंभीर मसतों में, जिसमें किसी गिरफ्तारी से एक निर्वाचित सरकार का कामकाज आंशिक रुप से भी प्रभावित हो, जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी निष्पक्षता मजबूत होगी, बल्कि प्रतिशोध की राजनीति के लिए गुंजाइश भी कम होगी। इस विमर्श को एक वैधानिक अंजाम तक ले जाने के लिए नई संसद में पक्ष-प्रतिपक्ष को एकराय होना होगा।*

# अच्छे चरित्र की सुगंध और बुरे की दुर्गंध छिपती नहीं है

## अध्यात्म

परिजनों, साथियों और अन्य सहजीवियों से अच्छा व्यवहार, नकारात्मक विचारों से छुटकारा, सुखमय जीवन बिताने के तौर-तरीके जैसे विषयों पर व्याख्यान देने वाले धर्मगुरुओं और कथावाचकों से हजार गुना ज्यादा होते हैं उन्हें सुनने वाले। सार्वजनिक मंचों से ज्ञान बांटने वालों से इतर एक वर्ग उनका है जो निजी दायरों में आदिग्रंथों के रोचक प्रसंग सुनाने या उनकी अभिनव विवेचना करने में पारंगत होते हैं। हालांकि इनमें भी अधिसंख्य वे हैं जो मनगढ़ंत या कोरी कल्पना का बखान करते हैं लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो इन कही, सुनी, पढ़ी और जानी बातों को आचरण में उतारने की कोशिश पूरी शिद्दत से करते हैं।

बहरहाल, किसी भी माध्यम से सद्विचारों का वाचन, श्रवण, चिंतन और प्रसार सभी पक्षों के लिए हितकर है। इनसे जुड़ाव सकारात्मक परिवेश के निर्माण में सहायक होता है। विडंबना है कि जिस मंच से लोभ और लौकिक सुखों से अनासक्त रहने का संदेश दिया जाता है उसी मंच से भाषण के समापन पर दिल खोल कर दान देने और संप्रदाय की आजीवन या कम से कम वार्षिक सदस्यता ग्रहण करने की जोरदार अपील की जाती है। सजग श्रोता परदे के पीछे की मंशाएं ताड़ लेते हैं। दिलचस्प है कि किसी भी पंथ में गिने-चुने ही पीठ होंगे जिनके स्वामित्व के विवाद कचहरियों तक नहीं पहुंचे। ये वही सत्तालोलुप दावेदार हैं जो जनता को सहिष्णुता, सुलह, मेलजोल और शांति का पाठ पढ़ाते नहीं अघाते। धार्मिक संगठनों में विभिन्न पदों के लिए होने वाले चुनावों में भी जीत के लिए वही तिकड़में प्रयुक्त होती हैं जिनके लिए राजनीति बदनाम रही है।

सभी पंथों में जहां धन, स्वास्थ्य या बुद्धि में स्वयं से हीनों के प्रति दया, सहानुभूति और उन्हें संबल प्रदान करने की पुरजोर पैरवी है, वहीं दिवंगतों, वरिष्ठजनों तथा अन्य के प्रति दुराव या वैमनस्य की भर्त्सना है। कर्म के अनुसार सद्गति या अधोगति मिलने के सिद्धांत पर उन लंबे-लंबे भाषण देने वाले को धिक्कार है जो अपने जीवित माता-पिता या स्वजनों को सम्मान देना तो दूर, उनकी उपेक्षा करते रहे और कमतर, निर्बल व्यक्तियों की मदद से कतराते रहे बल्कि उन्हें नीचा दिखाने से नहीं चूके।

ऐसा व्यक्ति उच्च आध्यात्मिक शक्तियों का प्रतिनिधि नहीं हो सकता जिसके आचरण और संदेश बेमेल हों और न ही वह जिज्ञासुओं को ज्ञान देने का अधिकारी है। सत्चरित्र की सुगंध और कदाचार की दुर्गंध छिपती नहीं है। शब्दों के अभ्यास और प्रस्तुतीकरण को निखार कर भले ही वह श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर ले किंतु उसकी अभिव्यक्तियों में आत्मिक और नैतिक बल नहीं होगा चूंकि वह अंतर्मन में जानता है, वह ईमानदार नहीं है। दिल में परहित और सेवाभाव नहीं होगा तो उद्गारों में निश्छलता नहीं आ सकती। ऐसा छद्म व्यक्ति आध्यात्मिक शक्तियों से विहीन होगा।

शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक श्रीराम शर्मा कहते थे, बच्चों को जो सीख हम देते रहते हैं वैसा स्वयं करने लगें तो संपूर्ण विश्व स्वर्ग में परिवर्तित हो जाएगा। इसी तर्ज पर लोकप्रिय जैनमुनि तरुण सागर की सम्मति थी, मुझसे बेहतर बोलने और लिखने वाले आए और चले गए। अर्थ उस आचरण का है जिसे हम दैनंदिन जीवन में ढाल लेते हैं। हमारे समाज में खूब बोलने और ऐलान करने का चलन है। यह समझते हुए सुधी व्यक्ति वहां दो शब्दों का प्रयोग नहीं करता जहां एक से कार्य हो सके। वह जानता है कि किसी को समझने के लिए उसके शब्दों या आश्वासनों पर नहीं बल्कि उसके कार्यों पर पैनी नजर रखी जानी चाहिए।

# सुण मौल्लड़ की



जम्मू कश्मीर में भी सितम्बर से पहले चुनाव होंगे।

फौज की तैनाती कम करनी सरू कर दी।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** मन में उत्साह बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढेगी। साझेदारी में नए कार्यों की शुरूआत हो सकती है।

**वृषभ :** बेवजह विवाद से बचे। सावधानी पूर्वक कार्य करे, चोट लगने की आशंका। स्वास्थय में उतार चढाव बना रहेगा। भगवान गणेश जी की पूजा करे।

**मिथुन :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। ज्ञान में बढौतरी होगी। मित्रों का सहययोग मिलेगा।

**कर्क :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। वितीय लेन-देन में सावधानी रखे। लोखिम लेने से बचे। दुर्गा माता की पूजा करे।

**सिंह :** व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** खान-पान में सावधानी रखे। पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

**तुला :** अत्यधिक भावुक होने से बचे। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। सूझ-बूझ से आगे बढेंगे तो राह की मुश्किले दूर होगी।

**वृश्चिक :** लोगों के विरोध का सामना करना पडेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचे। शरीर में थकावट व मन में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करे।

**धनु :** आकस्मिक धन लाभ होगा। लोगों का सहयोग मिलेगा। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**मकर :** लोक कल्याण के कार्यों में रूचि बढेगी। जटिल काम सहज ही पूरा कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढेगा।

**कुंभ :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढेगी। बुर्जुगों की सलाह व मार्गदर्शन लाभकारी रहेगा।

**मीन :** मानसिक तनाव बना रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। माता के स्वास्थय का ध्यान रखे। भगान शिव जी की पूजा करे।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# जीवन तो कुछ संयोग से तो कुछ सहयोग से चलता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



कभी-कभी मन में यह ख्याल आता है कि हम सब निर्भय होना चाहते हैं, फिर भी हम डर डर कर जीते हैं और नहीं तो अपने आप से ही डरते रहते हैं, अपने आप से ही नजरें मिला नहीं सकते।देवताओं के चित्रों में उनकी अभय मुद्रा दिखाई जाती है कि वह स्वयं भी और दूसरों को भी आश्वासन देते नजर आते हैं कि डरों नहीं, कोई अनिष्ट नहीं होगा। तभी तो कहते हैं कि भक्ति और भरोसा दोनों एक दूसरे के पूरक हैं कि संकट भक्त पर आता है तो चिंता भगवान को होती है।जहां प्रेम होता है वहां भय नहीं होता, वहां एक भरोसा होता है। मनुष्य यदि अपने भय पर विजय पा सकें तभी वह उत्कृष्टता की ओर बढ़ सकता है। ग्वालियर की घटना है, सड़क पर एक संन्यासी कंधे पर एकतारा रखें चला जा रहा था। गर्मी और प्यास के कारण उसका बुरा हाल था। तभी वहां से एक दूसरा राहगीर गुजरा।। संन्यासी ने उसे रोक कर पूछा 'भाई, क्या यहां कहीं आसपास पानी मिल सकेगा?' राहगीर ने एक ओर संकेत कर कहा 'उधर कुछ दूरी पर बगिया है, वहां आपको पानी मिल सकता है, किंतु..' बाबा ने पूछा,'किंतु क्या?' बाबा ने पूछा, 'बाबा, उस बगिया में एक शेर रहता है, इस कारण वहां जाना उचित नहीं है।' ऐसा कह कर वह राहगीर तो चला गया,पर संन्यासी सोचने लगा, 'गवालियर शहर और फिर एक बगीचे में शेर! अवश्य ही कोई रहस्य है, चलूं देखूं तो सही।' संन्यासी हिम्मत करके बगीचे की ओर चल दिए। सचमुच शेर की गर्जना सुनाई पड़ी। बाबा लौट ही रहे थे कि अचानक कुछ सोच कर रुक गये। शेर की आवाज लगातार एक ही दिशा से आ रही थी। बाबा आगे बढ़ते गए, उन्होंने देखा कि कुटिया में दस बारह वर्ष का बालक शेर की आवाज निकाल रहा था। पूछने पर उसने बताया कि वह शेर की आवाज इसलिए निकालता है, जिससे वह बगीचे के फल फूल चुराने वाले लोगों को भयभीत कर उन्हें रोक सकें। बाबा को उसकी आवाज में दम दिखा और उसे अपने साथ ले लिया। बाबा थे महान संगीतज्ञ स्वामी हरिदास और वह बालक था तनसुख, जो आगे चलकर महान संगीतज्ञ तानसेन बना जो महान अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक था।

**-डॉ. कमलेश कली**

## कर्म का मर्म

# जब गुरूजी के लिए नदी में कूदे शिवजी

एक समय की बात है। शिवाजी महाराज एक बार अपने गुरु रामदास के साथ दक्षिण भारत की यात्रा पर थे। रास्ते में उन्हें एक नदी मिली। नदी में पानी पूरे उफान पर था। उन्हें अपनी मंजिल तक जाने के लिए नदी को पार करना जरूरी था। गुरु रामदास नदी की ओर देखकर शिवाजी से बोले, 'शिवा, नदी को पहले मैं पार करूंगा, उसके बाद तुम पार करना।' इस पर शिवाजी बोले, 'नहीं गुरुदेव, नदी को पहले मैं पार करूंगा, फिर आप।'काफी देर तक गुरु-शिष्य दोनों में नदी पार करने के लिए बहस होती रही। इस बीच अचानक गुरु से नजरें बचाकर शिवाजी ने नदी में छलांग लगा दी और कुछ ही देर में तैरते-तैरते नदी पार कर दूसरे किनारे पर पहुंच गए। इसके बाद गुरु रामदास भी नदी में कूद गए और दूसरे किनारे पहुंच गए। शिवाजी के पास जाकर नाराजगी जताते हुए गुरुजी बोले, 'शिवा, आज तूने पहली बार मेरी आज्ञा का उल्लंघन किया है।' शिवाजी तो यह जानते ही थे कि उन्होंने गुरु की आज्ञा की अवहेलना की है, पर उन्होंने गुरुजी की परवाह करते हुए ही जान-बूझकर यह गलती की थी। इसके लिए गुरुजी से क्षमा मांगते हुए शिवाजी ने हाथ जोड़कर विनम्र भाव से कहा, 'गुरुवर, मैं आपको एक अनजानी नदी में पहले कैसे कूदने देता, अगर आपको कुछ हो जाता तो?' गुरु बोले, 'यदि तुम्हें कुछ हो जाता तो?'इस पर शिवाजी ने उत्तर दिया, 'गुरुवर, मेरे बह जाने या डूब जाने से कोई नुकसान नहीं होता। आप कई और शिवाजी तैयार कर लेते। लेकिन यदि आपको कुछ हो जाता तो पूरा राज्य एक महान गुरु को खो देता, और मैं तो हमेशा के लिए अनाथ ही हो जाता। मेरे जीवन की तुलना में आपका जीवन राज्य के लिए अधिक कीमती है।'शिवाजी का यह उत्तर सुनकर गुरु रामदास शिष्य पर गर्वित हो उठे।



# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने अग्रसेन चौक पर मनाई होली




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हिसार नगर इकाई द्वारा अग्रसेन चौक पर होली बड़ी धूमधाम से मनाई गई। आयोजन नगर इकाई अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल ने किया। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी के रंग लगाकर शुरुआत की गई। समाज के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर और रंग लगाके एक दूसरे को बधाई दी और एक दूसरे का कुशलशेम जाना और भविष्य में इसी तरह के आयोजन करके महाराजा अग्रसेन के 18 सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया,समाज को कैसे संगठित किया जाए, इस पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता भी अग्रसेन चौक पहुंचे और सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर प्रदेश प्रवक्ता एवं महामंत्री विपिन गोयल, प्रदेश महामंत्री मोहित बंसल, जिला चेयरमैन नरेश सिंगल, जिला अध्यक्ष दीनदयाल गोरखपुरिया, महामंत्री बृजभूषण जैन, नगर इकाई महामंत्री बजरंग सिंगल, अनिल बंसल, प्रवीण मित्तल, विनोद कंसल, ईश्वर गोयल, बजरंग गोरखपूरिया, अक्षय गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मनोरंजन सप्ताह का चौथा दिन भी शानदार रहा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** सेक्टर 15ए में स्थित सेंट सोफिया स्कूल में 'फन वीक' का आज चौथा दिन भी उत्साह भरा रहा। सभी बच्चों ने बड़े ही जोश के साथ हर काम को लग्न से सीखा। आज 'किचन कार्नर' के मुख्य आकर्षण 'फ्रेंच फाइज' जो कि बच्चों को बहुत ज्यादा पसंद होते हैं और साथ ही 'क्लासिक मोजितो' गर्मियों में पीए जाने वाली परफेक्ट ड्रिंक को भी बनाना सिखाया गया। आज नृत्य की कक्षा में बच्चों को हरियाणवीं गानों पर थिरकना सिखाया गया। वेस्ट पेपर कटिंग की सहायता से बच्चों को कोलॉज व गुलाब का फूल बनाना सिखाया गया। स्पोटर्स में बच्चों को वॉलीबाल और फुटबाल खेलना सिखाया गया।

# हिसार टी. बी. हस्पताल में मनाया गया विश्व टीबी दिवस

## *टी. बी. उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वानप्रस्थ संस्था को किया सम्मानित*




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** आज टी. बी. हस्पताल में डॉ. सपना चीफ मेडिकल ऑफिसर, हिसार की अध्यक्षता में विश्व टीबी दिवस मनाया गया। डॉ. सपना ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षय रोग उग्र रूप धारण कर चुका है। लगातार टी. बी. मरीज बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य करण है कि मरीज़ नियमित रूप से दवाई नहीं लेते। इस के लिए उन्होंने टी. बी कार्य कर्ता और एनज़ीओ (गैर सरकारी संगठनओं )से अपील की कि वह घर-घर जा कर जागुरुकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि 2025 - तक टीबी पर क़ाबू पाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएँगे। इस से पहले डॉ. अरुण नंदा एवं डॉ. मुकेश ने पॉवर प्वाइंट द्वारा टीबी कार्यकर्ताओं को टीबी अभियान में गति लाने के लिए सूचक बिंदु समझाए। डॉ. मुकेश ने बताया कि 2023- में लगभग 7500- टीबी मरीज़ इलाज ले कर स्वस्थ हो चुके हैं। डॉ. सपना ने वानप्रस्थ संस्था के उत्कृष्ट योगदान के लिए संस्था का आभार प्रकट किया और धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संस्था अगस्त - 2022 से 50-टीबी रोगियों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार प्रदान कर रही है। उन्होंने वानप्रस्थ सहित, टीबी हस्पताल से डा मुकेश कुमार, डा अरुण नंदा, डा सत्यपाल जांगड़ा, डा विनोद गोयल और टी बी हस्पताल के स्टाफ़ एवं अन्य एनज़ीओ (गैर सरकारी संगठन), हॉस्पिटल संचालकों, टीबी मुक्त 29-गाँव पंचायतों को सम्मानित किया। वानप्रस्थ की ओर से डॉ. जे. के. डाँग की अगुवाई में डा मनवीर, डा पुष्पा खरब, डॉ सुरेंद्र बहल, सुनीता बहल, आर. डी. गोदारा, वीना अग्रवाल ने प्रशस्ति-पत्र ग्रहण किया। डा सपना ने टीबी नियंत्रण में लगे हुए सभी कर्मचारियों के सतत प्रयासों के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में 125-से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जीजेयू कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के निवास पर होली समारोह आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के निवास पर होली के उपलक्ष्य पर समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई ने विश्वविद्यालय परिवार को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर व तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा भी उपस्थित रहे। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। यह सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें अज्ञानता से ज्ञान की तरफ अग्रसर होने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। कुलपति ने इस अवसर पर उपस्थित डीन, डायरेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों के साथ फूलों की होली भी खेली।

# काली माता मंदिर में भक्तों ने खेली गुलाल व फूलों की होली

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** श्रीकाली माता मंदिर, मौहल्ला रामपुरा के तत्वाधान में होली/फाग पर्व के उपलक्ष्य में मनिदर प्रांगण में होली मिलन सत्संग का आयोजन किया गया। मंदिर के सेवादार राजेन्द्र पाहवा ने बताया कि सत्संग में महिला कीर्तन मंडली व अन्य भजन गायकों ने होली के भजनों से सरोबार कर दिया। होली के भजनों पर भक्तगण घंटों तक झूमते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गुलाल के साथ-साथ फूलों की होली खेली। गाये गये भजनों में श्यामा होली खेलन आइयां तेरियां सालियां रे...., होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा...., होलिया में उड़े रे गुलाल...., कभी तेरी चौखट न छोडेंगे हम...., क्या-क्या दिया है श्याम ने कैसे बताऊं मैं...., थारे हाथां सौंप दी घर की चाबी...., कुछ तो है सरकार तेरी सरकारी में...., ये बाबा तो मेरा रखवाला है...., आएगा मेरा सांवरा दिल से बुला के देख.... आदि शामिल रहे। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान मदनलाल बजाज, आत्मप्रकाश आहुजा, शांतिस्वरुप तनेजा, पृथ्वी, सुमित मित्तल, मनोज, पं. राघवाचार्य, सुनील, राजेन्द्र पाहवा, महिला मंडल से शीला तनेजा, संध्या अरोड़ा, रंजू पोपली, सोनिया गुप्ता, सीमा सर्राफ, सत्या मदान आदि भी उपस्थित रहे।



muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

# होली मिलन समारोह पर जमकर थिरकी कमिश्नर गीता भारती, पुरानी परम्परा को जीवंत देखकर गदगद हुई कमिश्नर गीता भारती







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** लुप्त होती हरियाणवी सांस्कृतिक परंपरा को बचाने में दिलेर हरियाणा की टीम पिछले अनेक वर्षों से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हमें अपने बच्चों को हरियाणवी संस्कृति से रूबरू जरूर करवाना चाहिए ताकि वह अपने जीवन में हमारे पुराने रीति-रिवाज को अपना सके और जीवन में उसको आगे बढ़ा सके। उक्त शब्द हिसार की कमिश्नर गीता भारती ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहे। इस दौरान महिलाओं ने कमिश्नर संग अनेक हरियाणवी गीतों पर प्रस्तुति देकर समा बांधा। होली के अवसर पर हिसार लघु सचिवालय कालोनी पार्क समिति द्वारा पार्क में होली उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें दिलेर हरियाणा की टीम की महिलाओं ने हरियाणवी अंदाज में बिंदास प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय गीता भारती आयुक्त हिसार मौजूद रही। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने प्रस्तुति देकर समा बांधा। हरियाणवी ड्रेस में विजेता महिलाओं को आयुक्त महोदया के कर कमलों द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया। हरियाणवी देसी सुसज्जित महिलाओं की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया इस अवसर पर गुलेल लगाकर रंगो से रहित होली मनाई गई ओर पानी बचाने का संदेश समाज को दिया गया। आयुक्त महोदया ने लघु सचिवालय पार्क समिति को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। हरियाणवी प्रस्तुति प्रतियोगिता में भतेरी और बीरमा प्रथम रही, द्वितीय स्थान पर सुदेश और रीना तथा तृतीय स्थान पर रहने वाली रीना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्क समिति के प्रधान बजरंग श्योराण, रामकुमार कुंडू, सुरेंद्र श्योराण, पृथ्वी बैनीवाल, कमलेश, सुदेश, ईदू, ज्योति, केलापति संतोष, सरोज, सुमन, ओमपति, पूनम, शकुंतला, बबली, कविता, चंद्रपति, सुनहरी आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

# लोकसभा चुनाव–2024 में शत–प्रतिशत मतदान करवाने के लिए चलाया जा रहा है स्वीप अभियान : उपायुक्त

**स्वीप अभियान में नुक्कड़-नाटक, प्रतियोगिता, सेमिनार और मतदान जागरूकता रैली आदि गतिविधियों को किया गया है शामिल**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि चुनाव में अधिकाधिक मतदान करने को लेकर स्वीप अभियान पर जोर दिया जा रहा है। स्वीप अभियान में नुक्कड़-नाटक, प्रतियोगिता, सेमिनार और मतदान जागरूकता रैली आदि गतिविधियों को शामिल किया गया है। स्वीप अभियान के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य स्लोगन चुनाव का पर्व-देश का गर्व के महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। उन्होंने कहा है कि विशेषकर महिलाएं अपने वोट की कीमत को समझें और एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी आयु पूरी करने वाले युवतियां अपना वोट जरूर बनवाएं। युवतियों में बनी यह धारणा बिल्कुल गलत है कि वे शादी के बाद ही वोट बनवाएंगी, जबकि वोट आसानी से ट्रांसफर हो जाता है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं के साथ-साथ सर्विस वोटर, ट्रांसजेंडर व दिव्यांग सभी मतदाताओं को चुनाव में एक-एक वोट कीमती है, जिनको स्वीप अभियान में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन का लक्ष्य पिछली बार के मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढाना है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप अभियान के तहत विधानसभा स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया हैं। सभी को निर्देश दिए गए हैं कि वे मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वीप अभियान में नुक्कड़-नाटक, प्रतियोगिता, सेमीनार, मतदान जागरूकता रैली आदि गतिविधियों को शामिल किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि नागरिकों को यह समझना होगा कि उनके द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि ही उनके लिए योजनाएं तैयार करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शहरी, ग्रामीण अंचल के अलावा स्लम बस्तियों, झुग्गी झोपड़ियों, ईंट भट्ठों व ढाणियों आदि में जाकर भी नागरिकों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए कर रही भाजपा : कुमारी सैलजा

**लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी पार्टियों को आना चाहिए एक मंच पर, कंपनियों से भाजपा वसूल रही चंदा**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 27 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश बन चुका है, जहां सरकारी तंत्र की चाबियां भाजपा के हाथ में हैं, यहां ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने इन संस्थाओं का इस्तेमाल प्राइवेट कंपनियों से वसूली के लिए किया है। योजनाबद्ध तरीके से किया गया यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आइए हम इस भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हों। देश में विरोधी पार्टियों के विरूद्ध द्वेष भाव से कार्रवाई की जा रही है। लोकतांत्रिक सिस्टम से कार्रवाई होनी चाहिए वो चाहे किसी अन्य पार्टी में हो या फिर भाजपा में। कोई नेता अगर बीजेपी में चला जाता है तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए जो भी पार्टी हमारा साथ देगी उनको कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत साथ लेकर चलेगी। उन्होंने कहा कि आज देश में सबसे बड़ा मुद्दा लोकतंत्र को बचाने का है। इसमें जो भी पार्टी हमारा साथ देगी उसको साथ लेकर चलेंगे। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड से 8252 करोड रुपए वसूल रही थी और देश की खुशियां उजड़ रही थी। धंधा बचाए रखने के लिए अंबानी की सिस्टर कंपनी ने 33 करोड़ का मुनाफा कमाकर भाजपा को 375 करोड़ चंदा दिया। इसी प्रकार केवेंटर फूड पार्क ने भाजपा को 353 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भारती एयरटेल ने 100 करोड़ के घाटे के बावजूद भाजपा को 236 करोड़ रुपए का चंदा दिया। उन्होंने कहा कि यह सब दर्शाता है कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके कमाई कर रही है। जो कोई कंपनी भाजपा को मोटा चंदा नहीं देती है, उसके खिलाफ एजेंसियों से रेड करवाई जाती है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है जिसमें जनता का सहयोग जरूरी है।

# ओशो ध्यान उपवन में आयोजित होली उत्सव में झूमते व नृत्य करते हुए अलग ही रंग में दिखे साधक

**होली उत्सव विविधताओं को अपने अंदर समेटे हुए है : स्वामी संजय**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** ओशो ध्यान उपवन में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। ध्यान सत्र के साथ ही गीत-संगीत की सुर व ताल पर झूमते व नृत्य करते हुए साधक अलग ही रंग में दिखे। इस दौरान ओशो ध्यान उपवन के हरे-भरे परिसर में नृत्य व गायन सहित कई तरह के आयोजन किए गए। चंदन का रंग लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई और साधकों के लिए विशेष सात्विक भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। होली उत्सव के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि साधकों को ध्यान के महत्व से अवगत करवाते हुए उन्हें ध्यान का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने कहा कि होली विविधताओं को अपने अंदर समेटे हुए है। इसी भांति होली पर विभिन्न रंग मिलकर एक हो जाते हैं। स्वामी संजय ने बताया कि इस दौरान सभी साधकों को सतगुरु ओशो के होली पर आधारित सत्संग को श्रवण करने का भी अवसर मिला। संत ओशो ने कहा है कि होली जैसा उत्सव पृथ्वी पर खोजने से भी नहीं मिलेगा। होली तल्लीनता, मदहोशी, मस्ती, नृत्य, नाच का बड़ा सतरंगी उत्सव है। हंसी के फव्वारों का व उल्लास का महोत्सव है। होली के सामने दीवाली भी उदास है। होली की बात ही कुछ और है। सतगुरु ओशो ने कहा है कि हमेशा याद करते रहो कि नास्तिकता पर आस्तिकता की विजय होनी चाहिए। आस्तिकता यानी आनंद। आस्तिक यदि उदास मिले तो समझना चाहिए कि चूक हो गई, वह बीमार है। आस्तिक यदि नृत्य से भरा हुआ न मिले तो समझ लो वह राह से भटक गया है। धर्म उदासी नहीं नृत्य उत्सव है। होली इसका प्रतीक है। विध्वंस पर सृजन जीता, इस दिन अतीत पर वर्तमान विजयी हुआ। बासीपन पर नवीनता की विजय हुई। ओशो ने व्याख्यान में कहा है कि जरा गौर से देखो कि परमात्मा ने कितना रंग दिया है। कितने रंग के फूल हैं, कितनी हरियाली है। पहाड़ों, पत्थरों, पक्षियों, पृथ्वी व आकाश में सब तरफ उसका महोत्सव है। इसे गौर से देखो और ऐसे ही हो जाना, यही परमात्मा से मिलने का रास्ता है।

# फाल्गुनी पूर्णिमा पर श्री तिरुपति बालाजी धाम में आराधना के लिए उमड़े श्रद्धालु



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों से जुड़े श्री तिरुपति बालाजी धाम में फाल्गुनी पूर्णिमा पर भगवान की आराधना करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी व श्री गोदांबा माता जी की स्तुति करके जनकल्याण की कामना की। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम जय गोविंदा, जय तिरुपति बालाजी, जय माता पद्मावती व जय माता गोदांबा के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भगवान की सवारी शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर अपने इष्ट के प्रति आस्था जताई। फाल्गुन पूर्णिमा पर श्री तिरुपति धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय हैं। धाम की श्रीनिवास गोशाला, श्री तिरुपति यज्ञशाला एवं पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र बने हुए हैं। यहां पर 71 फुट ऊंचा गोपुरम भी निर्माणाधीन है। यह गोपुरम दक्षिण भारतीय शैली में वहीं के कारीगरों द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

**होली उत्सव पर बच्चों की मस्ती मचाया धमाल**

# तीज त्योहारों का शौक हुआ कम, बच्चों तक हुआ समिति : कपूर सिंह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** कपूर सिंह आर्य ने कहा कि आजकल होली का रूझान सिर्फ बच्चों तक ही रह गया। कुछ साल पहले गांव में कढ़ाई फाग खेला करते थे। आज तीज त्योहारों का शौक नहीं रहा, जो पहले होली फाग एक महीने पहले गांव में नाचना कूदना, औरतों का गीत गाना और होली खेलना। अब तो होली बच्चों तक ही सीमित रह गई है, सिर्फ एक दिन के लिए। पहले एक महिने तक होली खेलते थे। कितना भाईचारा था। आज वह सब लुप्त हो गया। प्रोमिल आर्य, पूजा, दीपिका, सरोज आदि सहित बच्चों ने होली खेली।

# थर्ड नेशनल चैंपियनशिप में लितानी की खुशिका ने जीता कांस्य पदक

**छात्रा की उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल, दी छात्रा को बधाई**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** नोएडा में हुई थर्ड नेशनल चैंपियनशिप में लितानी गांव की बॉक्सिंग खिलाड़ी खुशिका ने कांस्य पदक जीतकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। खुशिका की इस उपलधि पर गांव में खुशी का माहौल है। खुशिका के कोच अनिल नैन ने बताया कि हाल ही में नोएडा में हुई इस प्रतियोगिता में खुशिका ने ये उपलब्धि हासिल की है। लितानी गांव निवासी नरेश कुमार की बेटी खुशिका पढ़ाई के साथ-साथ बॉक्सिंग में भी होनहार है और उसका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। नोएडा में हुई इस प्रतियोगिता में 46 से 49 किलोग्राम भारवर्ग में खुशिका ने कांस्य पद जीता। खुशिका की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। खुशिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच अनिल नैन द्वारा करवाई जा रही मेहनत व माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 122 व्यक्तियों की गई स्वास्थ्य जांच




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा हिसार द्वारा मंगलवार को हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशानुसार नागरिक अस्पताल हांसी के सहयोग से साई कॉलोनी, उत्तम नगर हांसी में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शिविर में आने वाले व्यक्तियों की टीबी, एचबी, शुगर, बीपी इत्यादि की जांच की गई। उन्होंने बताया कि शिविर में 122 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। उन्होंने जांच के दौरान कई उचित सलाह देते हुए आवश्यक दवाएं भी दी। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। स्वास्थ्य जांच शिविर में टीम में नागरिक अस्पताल हांसी से डॉ परमजीत, एलटी अनिल कुमार, एमपीएचडब्ल्यू से दीपक, जीतराम, ड्रग डिपार्टमेंट से काउंसलर कविता, मलेरिया डिपार्टमेंट से अशोक, वीरेंद्र, नीरज एवं रैडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा हिसार से जिला समन्वयक कुलदीप सिंह, कुलदीप सोनी, अनिल कुमार, अजय व टीआई प्रोजेक्ट से सुषमा भारद्वाज, लेखाकार प्रियंका राणा, काऊसलर रूपेश व ओआरडब्लू संजय सोनी, व रैडक्रॉस स्टाफ उपस्थित रहा।

# रामपुर सीट से जामा मस्जिद के इमाम लड़ेंगे चुनाव, सपा ने चार्टर्ड प्लेन से भेजा नॉमिनेशन फॉर्म

**पाठकपक्ष न्यूज**

**रामपुर 27 मार्च :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए रामपुर सीट पर मौलाना मुहीबुल्लाह नदवी को प्रत्याशी घोषित किया। मुहीबुल्लाह नदवी दिल्ली के जामा मस्जिद के इमाम के रूप में पिछले 15 सालों सेवा की है। इसके लिए लखनऊ से एक प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन बुक किया गया है। बताया जा रहा है कि इस प्लेन से नामांकन पत्र रामपुर भेजा गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और मुहीबुल्लाह नदवी की कुछ दिन पहले भेंट वार्ता हुई थी।

# पतंजलि परिवार मानव सेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है : डॉ. कमल गुप्ता




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** पतंजलि परिवार हिसार द्वारा स्थानीय मधुबन पार्क हिसार में प्रतिवर्ष की भांति होली का पर्व योग, यज्ञ एवं रंगों तथा फूलों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री (स्वास्थ्य,आयुष,नागरिक उडडयन, चिकित्सा शिक्षा रिसर्च) डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। डॉ. कमल गुप्ता ने उपस्थित योग साधकों को चंदन से तिलक करके होली की शुभकामनाएं दी तथा सबको प्रेम प्यार से होली का पर्व मनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग, यज्ञ एवं आयुर्वेद ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने शरीर, मन व आत्मा को स्वस्थ रख सकते हैं। हमें प्रतिदिन एक घंटा योग आवश्यक करना चाहिए। योग ऋषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण महाराज ने योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में इतना बड़ा कार्य किया है कि जन जन तक योग एवं आयुर्वेद पहुंच गया है तथा पूरे विश्व में लोग योग करते हैं। इसी के परिणाम स्वरूप तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता एवं प्राथमिकता के कारण आज पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि योग की निशुल्क कक्षाएं बढ़ने में सरकार की तरफ से जितने सहयोग की आवश्यकता है वह अपना पूरा योगदान देंगे। उन्होंने प्रत्येक योग योद्धा को उत्साह एवं निरंतरता से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रत्येक योग शिक्षक मानव कल्याण का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है अतः उन्हें यह कार्य दूसरे लोगों को भी करने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। भारत स्वाभिमान हरियाणा के राज्य प्रभारी श्री ईश कुमार आर्य, पतंजलि योग समिति हिसार के मार्गदर्शक श्री मुनीराम आर्य, संगठन मंत्री श्री महेंद्र सिंह मलिक, हरीश लोहिया, वीरसेन जैन, अनिल जैन, सुरेंद्र हिंदुस्तानी, लक्ष्मी अग्रवाल, जय भगवान यादव, के सी खुराना आदि ने बहुत सारे चुटकुलों तथा गीतों के माध्यम से सब का मनोरंजन करवाया। मंच संचालन एवं योग अभ्यास का संचालन भारत स्वाभिमान हिसार के जिला प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार, महामंत्री सुनील कक्कड़, पतंजलि योग समिति हिसार के जिला प्रभारी वीरेंद्र बडाला ने किया। इस अवसर पर कविता शर्मा, संजीव शर्मा, अनिल पानू, रेखा,रैना, सरोज, बनी सिंह जांगड़ा, संतरो, कविता शर्मा, संजीव शर्मा, प्रशांत, सुनील माकड़, सुनील कक्कड़, अनिल जैन, परू, भूमिका, हिमानी, प्रतिभा, रामविलास, मांगेराम, नरेंद्र आजाद नगर, नरेंद्र वशिष्ठ, सतबीर आजाद नगर, विजेंद्र सातरोड़, ममता, पूनम, शालू, राजेश, सुरेंद्र हिंदुस्तानी, आदि मौजूद थे। इस अवसर पर आजाद नगर स्थित उड़ान योग स्टूडियो के बच्चों ने योगा कोच नरेंद्र आजाद नगर जी के मार्गदर्शन में योग के अद्भुत करतब दिखाए।

## प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है जेसीडी विद्यापीठ : ढींडसा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 27 मार्च :** जननायक चौधरी देवी लाल विद्यापीठ में स्थापित इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज के विद्यार्थियों ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में परचम लहराते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एमबीए तृतीय सेमस्टर के परीक्षाओ का यूनिवर्सिटी परिणाम बेहतरीन रहा जोकि कॉलेज के लिए बहुत ही खुशी की बात है। इस मौके पर जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा जी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. ढींडसा ने कहा कि जेसीडी विद्यापीठ में सदैव विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा तो दी ही जाती है वहीं उनके भविष्य में कामयाबी हेतु अनेक शिक्षा के अलावा खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों को करवाया जाता है ताकि विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से अवश्य सफलता अर्जित होती है और अपनी मंजिल हासिल करने का कोई शॉर्ट कट रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी को



आपके परिणामों पर बहुत गर्व है। इसी के कारण जेसीडी आईबीएम की बीबीए की 90 सीटें और एमबीए की 120 सीटें भर जाती हैं। आईबीएम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. हरलीन कौर ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता प्रदान करने एवं बेहतर परीक्षा परिणामों का श्रेय जेसीडी विद्यापीठ के वातावरण के साथ-साथ सभी प्राध्यापकों की मेहनत एवं मैनेजमेंट को जाता है। डॉक्टर हरलीन कौर ने बताया कि एमबीए तृतीय सेमस्टर की छात्रा प्रिया ने 77.20 फीसदी अंक प्राप् कर प्रथम स्थान, जशनप्रीत ने 77 फीसदी अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा रिधमप्रीत कौर और रिया ने 75 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।




## होली खेलने के बाद चेहरे पर लगा रंग इन घरेलू उपाय से हटाएं

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

होली खेलना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अलग-अलग रंगों से होली खेलते है। लेकिन जब चेहरे से इन रंगों की हटाने की बारी आती है तो समझ नहीं आता कैसे हटाएं जिससे कलर आसानी से निकल जाएं। अगर आप इन घरेलू नुस्खों को ट्राई करेंगी तो रंग आसानी से हट जाएगा।

**नींबू से साफ करें चेहरे का रंग**

अगर आपके चेहरे पर पक्का रंग लग गया है तो इसे हटाने के लिए आप नींबू और सरसों के तेल का प्रयोग कर सकते हैं। इससे आपके चेहरे का रंग निकल जाएगा। साथ ही चेहरा पहले की तरह दिखने लगेगा।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

- सबसे पहले नींबू के छिलके को आधा कप पानी में उबाल लें।
- अब इस पानी को ठंडा होने दें।
- फिर इसमें 1 चम्मच सरसों का तेल डालें। अगर आप चाहे तों इसमें टी ट्री ऑयल का यूज कर सकते हैं।
- इसके बाद एक कॉटन पैड की मदद से चेहरे पर लगाएं और चेहरे को हल्के हाथ से रब करें।
- करीब 20 मिनट करने के बाद इसे साफ पानी से चेहरा को धो लें।
- इससे आपके चेहरे का सारा रंग निकल जाएगा। त्वचा में भी निखार आएगा।

**बेसन और सरसों का तेल**

चेहरे पर पक्का रंग लग जाए तो इसके लिए आप बेसन और सरसों के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे चेहरा पर लगे सारे दाग भी हट जाएंगे।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

- इसके लिए पहले आपको एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें।
- अब इसमें 2 चम्मच ही सरसों का तेल मिलाएं और एक पेस्ट तैयार करें।
- पैक तैयार होने के बाद इसे चेहरे पर लगाएं और ड्राई होने दें।
- जब ये सूख जाएं तो हल्के हाथों से इसे रब करें और चेहरे को साफ करें करने की कोशिश करें।
- इसको फिर साफ पानी से चेहरे का साफ कर लें।
- इससे सारा रंग आसानी से निकल जाएगा।

## किचन में रखा ये एक मसाला रामबाण है हाई यूरिक एसिड के लिए, दूर होगी सूजन और मांसपेशियों का दर्द

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

शरीर में यूरिक एसिड लेवल बढ़ने की समस्या कई लोगों को परेशान कर रही है। यूरिक एसिड ब्लड में पाया जाने वाला एक रसायन है, जो प्यूरीन नामक पदार्थ के टूटने पर बनता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मुताबिक अगर एक बार यूरिक एसिड बढ़ जाए तो यह हड्डियां को पूरी तरह खराब कर सकता है। । यूरिक एसिड बढ़ने से गाउट, गठिया, किडनी डिजीज, दिल की बीमारी हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, फैटी लिवर डिजीज और मेटाबोलिक सिड्रोम जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। किचन में रखा ये मसाला रामबाण है और हाई यूरिक एसिड की छुट्टी कर सकता है। अदरक किस तरह से यूरिक एसिड लेवल को कम करने में मदद कर सकता आइए जानते हैं।

**जानिए किस तरह से अदरक करेगा यूरिक एसिड को कंट्रोल**

एनएलएम पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार अदरक बढ़े हुए यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल कर सकती है। क्योंकि इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं, जो यूरिक एसिड को कम करने और शरीर के जोड़ों में होने वाले दर्द को कम करता है।

**मांसपेशियों का दर्द होगा बंद**

अदरक में जिंजरोल नाम का गुण पाया जाता है, जो यूरिक एसिड के कारण होने वाली सूजन को कम कर देता है। जब आप अदरक का सेवन करते हैं तो यह सूजन को कम करने में मदद करता और मांसपेशियों का दर्द को भी कम करता है।

**अदरक से किडनी हेल्थ ठीक होती**

यूरिक एसिड के बढ़ने से सबसे बुरा असर किडनी पर होता है। क्योंकि, किडनी यरिक एसिड को फिल्टर नहीं कर पाती है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अदरक की चाय का सेवन करने से यूरिक एसिड में संतुलन होता है और किडनी हेल्थ भी बेहतर होती है।

## बेसन के चीला की जगह ट्राई करें इन चीजों का चीला

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

आजकल लोगों की लाइफस्टाइल बेहद व्यस्त होती जा रही हैं। बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास सही से नाश्ता करने का भी समय नहीं होता है। क्योंकि सुबह के समय हर किसी को जल्दबाजी होती है। ऐसे में लोग ऐसे नाश्ते का ऑप्शन तलाश करते हैं, जिसको बनाना काफी आसान हो। बता दें कि आसानी से बनने वाले नाश्ते में बेसन का चीला सबसे पहला ऑप्शन है। बेसन का चीला खाने में काफी स्वादिष्ट है और हेल्दी भी होता है। वहीं कई लोग चीले में तमाम तरह की सब्जियां मिलाकर इसका स्वाद बढ़ाते हैं।

हांलाकि चीला खा-खाकर भी लोग बोर हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी कुछ नया ट्राई करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेसन के चीले के अलावा अलग-अलग तरह के चीला रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको खाने से न सिर्फ स्वाद बदलेगा बल्कि बच्चों को भी जब आप कुछ अलग परोसेंगी तो उन्हें भी इसे खाकर अच्छा लगेगा।



**सूजी चीला :** बेसन का चीला अधिक कुरकुरा नहीं होता है, ऐसे में आप इसमें सूजी ऐड कर इसका स्वाद दोगुना कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन में थोड़ी मात्रा में सूजी मिलानी होगी।

**मूंगदाल का चीला :** अगर आप बेसन के चीले से भी अधिक हेल्दी कुछ खाना चाहती हैं, तो मूंगदाल एक बेहतर ऑप्शन है। इसके लिए मूंगदाव का पेस्ट बनाकर बेसन के चीले की तरह बनाकर तैयार करना है। मूंगदाल चीले को हरी चटनी और सौंफ के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

**आलू चीला :** आप आलू चीला भी ट्राई कर सकती हैं, यह खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है। आलू चीला बनाने के लिए उबले हुए आलू को मैश कर लें फिर इसका चीला बनाकर तैयार कर लें।

**पालक चीला :** अगर आप बेसन का चीला खा-खाकर बोर हो गई हैं, तो स्वाद बदलने के लिए आप पालक का चीला बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए पालक को एकदम महीन पीस लें। फिर इसका चीला बनाएं, यह कुरकुरा बनेगा।

**बाजरे के आटे का चीला :** इस चीला को बनाने के लिए आपको बाजरे का आटा मार्केट से ले लेना चाहिए। फिर बेसन की जगह इस आटे से चीला बनाकर तैयार कर सकती हैं।

**ओट्स का चीला :** अगर आप चीले का हेल्दी ऑप्शन देख रही हैं, तो ओट्स का चीला बना सकती हैं। इसके लिए ओट्स को मिक्सर में पीसकर इसका पाउडर बना लें। फिर इसका चीला बनाकर तैयार कर लें।



# सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश व प्रदेश में सरकारी अनाज मंडियां बंद करना चाहती है : बजरंग गर्ग

## कहा-सरकार को हर अनाज खरीद पर आढ़तियों को पहले की तरह 2.5 प्रतिशत पुरी आढ़त देनी चाहिए

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी में व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं करने से आढ़तियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। जबकि सरकार को सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके उनको 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन देना चाहिए। इसी प्रकार सरकार ने गेहूं पर आढ़तियों का जो 55 रुपए 87 पैसे कमीशन बनता है उसमें कटौती करके 45 रुपए 88 पैसे करके 9 रुपए 99 पैसे व धान पर 55 रुपए 07 पैसे कमीशन की जगह 45 रुपए 88 पैसे देकर 9 रूपए 19 पैसे कम देना सरासर गलत है जबकि अनेकों सालों से आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत कमीशन मिलता था। उसी प्रकार सरकार को हर अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत कमीशन देना चाहिए। सरकार ने हरियाणा मार्केट बोर्ड बनाकर हरियाणा में जगह-जगह अनाज मंडिया बनाई हुई है और आढ़ती मार्केट बोर्ड से लाइसेंस लेकर मंडियों में व्यापार कर रहे हैं और आढ़तियों ने मंडी में व्यापार में करोड़ों रुपए लगाए हुए हैं। आढ़तियों के पास अनाज खरीद के माध्यम से कमीशन ही कमाई सिर्फ एकमात्र माध्यम है अगर सरकार अनाज खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से नहीं करेगी तो आढ़ती मंडी में दुकान करके क्या करेगा यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। बजरंग गर्ग ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से आढ़ती, किसान व मजदूर विरोधी सरकार है। सरकार आढ़तियों का व्यापार खत्म करके सरकारी मंडियां बंद करने पर तुली हुई है जो सरासर गलत है। एक तरफ तो सरकार व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कर रही है और उद्योगों के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने का जुमलेबाजी कर रही है। दूसरी तरफ मंडियों का व्यापार खत्म करने में लगी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा की मंडियों में लगभग 40 हजार आढ़ती व्यापार कर रहे हैं और सैकड़ो व्यापारी गांवों से अनाज भर्ती का काम करते हैं। मंडी के माध्यम से लाखों मजदूर, मुनीम, ट्रांसपोर्टरों व व्यापारियों को रोजगार मिल रहा है और किसानों द्वारा खुली बोली में अनाज बेचने से किसान को अपनी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। सरकारी खरीद बंद होने से लाखों परिवारों का रोजगार छीन जाएगा। सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश व प्रदेश में सरकारी मंडियां बंद करना चाहती है ताकि बड़ी-बड़ी कंपनियों का अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर कब्जा हो जाए। सरकारी अनाज मंडियां बंद होने से किसान व आढ़तियों को बड़ा भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। बजरंग गर्ग ने केंद्र व प्रदेश सरकार से अपील की है कि वह हर अनाज की खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से पहले की तरह करनी चाहिए और आढ़तियों को हर अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन सरकार को देना चाहिए। इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन जिला प्रधान पवन गर्ग, पूर्व प्रधान संजय गोयल, खल चुरी एसोसिएशन प्रधान त्रिलोक कंसल, मंडी मंदिर प्रधान अशोक गुप्ता, मंडी एसोसिएशन से बजरंग असरावां, पवन बंसल, संजय नागपाल, कृष्ण गोयल, नरेश राजलीवाला, राहुल गर्ग, व्यापार मंडल प्रदेश सचिव निरंजन गोयल आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।


बजरंग गर्ग पत्रकार वार्ता करते हुए।

## सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने जताया आक्रोश

# भाजपा को ऐसी हरकतों के लिए सबक सिखाने हेतु सभी को एकजुट होना होगा : एडवोकेट खोवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने आक्रोश जताते हुए कड़ी निंदा की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र का गला घोटने और विपक्ष का दमन करने के लिए हर हद पार कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई जैसी सशक्त एजेंसियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम करने और उन पर दबाव बनाने के लिए ईडी व सीबीआई के माध्यम से रेड करवाई जा रही है। इतना ही नहीं नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने से भाजपा गुरेज नहीं कर रही है। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा को ऐसी हरकतों के लिए सबक सिखाने हेतु सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विपक्षी नेताओं के साथ-साथ किसान, मजदूर, गरीब व पिछड़ा वर्ग को भी नहीं बख्शा है। हर वर्ग को किसी न किसी माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। कानून व्यवस्था का दीवाला निकल चुका है।

# युवा जजपा नेता मोहित मलिक ने दिया जेजेपी से इस्तीफा

## वर्ष 2016 में छात्र संघ का चुनाव लड़कर चंडीगढ़ डीएवी कॉलेज के अध्यक्ष बने थे मोहित मलिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** जन नायक जनता पार्टी के छात्र संगठन इनसो के कद्दावर युवा छात्र नेता मोहित मलिक ने जजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। मोहित मलिक ने 2015 से छात्र राजतनीति की शुरुआत की और वर्ष 2016 में डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ में इनसो पार्टी की तरफ से छात्र संघ चुनाव लड़कर अध्यक्ष पद पर 181 वोटो से जीत हासिल की। उसके बाद वे लगातार छात्र राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने जीन्द उपचुनाव-2019, विधान सभा चुनाव में जहां भी पार्टी ने जिम्मेवारी सौंपी उसका बखूबी निर्वाह किया था। मोहित मलिक वर्ष 2022 में जिला परिषद का चुनाव लड़ा और वार्ड नंबर 17 से 1831 वोटों से विजयी रहे। उसके बाद वे जिला परिषद के वाइस चेयरमैन के उम्मीदवार रहे परंतु मात्र 2 वोट से वे हार गए। इसके मोहित मलिक ने लगातार जेजेपी पार्टी के लिए काम किया और इस दौरान वे हाँसी युवा हल्का अध्यक्ष भी रहे। मोहित मलिक ने कहा कि 1 वर्ष से अधिक समय हो चुका है उनकी पार्टी में लगातार अनदेखी हो रही थी और उनके कार्यकर्ताओं व साथ जुड़े हुए लोगों को उनसे जो उम्मीद थी उन्हें पार्टी नेतृत्व द्वारा लगातार अनदेखा किया जा रहा था। हर स्तर पर पार्टी में अनदेखी के चलते उन्होंने यह निर्णय लिया है। मोहित मलिक ने कहा कि आगामी 7 अप्रैल को हांसी की जाट धर्मशाला हाँसी में अपने कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करके आगे का फैसला लिया जाएगा।

# नए पदाधिकारियों से अखिल भारतीय सेवा संघ हुआ और मज़बूत : सुरुचि असीजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** अखिल भारतीय सेवा संघ की महिला शाखा की बैठक अध्यक्ष सुरूचि असीजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया गया। अध्यक्ष सुरूचि असीजा ने बताया कि नए पदाधिकारियों में वर्षा जैन को शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बिंदिया गर्ग को शाखा उपाध्यक्ष और उर्मिल त्रिखा व सुनीता राणा को शाखा संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसी तरह वीना भंडारी को शाखा प्रचार सचिव, अंजू सिंगला को शाखा मुख्य सलाहकार, निशा रानी को शाखा सलाहकार, प्रोमिला पूनिया व मोनिका गोयल को शाखा सह कोषाध्यक्ष, श्वेता अरोड़ा व कविता शर्मा को शाखा सह सचिव मनोनीत किया गया। नविता छिल्लर को शाखा प्रेस सचिव और रितु बिंदल को शाखा कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर सचिव पूजा परमार, कोषाध्यक्ष सुनैना नागपाल, ललिता हंस, रेखा सलूजा, नीलम कक्कड़, मनप्रीत सिंह, नीरू सिंधवानी, सोनू नारंग, बिंदिया कामरा, दीप्ति पसरीजा विशेष रूप से उपस्थित रही। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए प्रधान सुरुचि असीजा ने कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ से महिलाएं निरंतर जुड़ रही है और संगठन सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन ऐसा मंच है जहां महिलाएं न केवल अपनी समस्याएं सांझा कर सकती हैं बल्कि समाज हित के कार्यों में अग्रणी भूमिका भी निभा सकती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा समय-समय पर विशेष दिवस व त्योहार पूरे उत्साह से मनाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण सक्रिय रहते हैं।

# भारतीय योग संस्थान द्वारा संचालित हिसार इकाई की ओर से मधुमेह निवारण शिविर आयोजित

## शिविर में 85 साधकों ने उपस्थिति दर्ज कराई, 31 मार्च तक चलेगा शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** भारतीय योग संस्थान द्वारा संचालित हिसार इकाई की ओर से मधुमेह निवारण शिविर के पहले दिन प्रशिक्षित साधकों की देख रेख में लगभग 85 साधकों ने भागीदारी की। यह शिविर सेक्टर-15 स्थित शिवालिक पार्क सपरा हस्पताल के पीछे आज से 31 मार्च 2024 तक प्रातः सुबह 5.45 से 7.00 बजे आयोजित किया जा रहा है। आज के आयोजन में अधिकतर वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। खास बात यह है कि वह शिविर में भाग लेने के लिए काफ़ी उत्साहित हैं। भारत में मधुमेह ने महामारी का रूप ले लिया है। मधुमेह अनेकों घातक रोग जैसे कि गुर्दे की खराबी, नेत्र दोष, हृदय रोग, रक्तचाप का रोग, पैरों के रोग व घाव का देर तक भी ठीक नहीं होना, आदि को जन्म देता है। आहार में वे दिनचर्या में सुधार लाकर तथा योग अभ्यास द्वारा इस रोग को काफी सीमा तक नियंत्रित किया जा सकता है। मधु मेह निवारण शिविर में आज पहले दिन भजन, सूक्ष्म क्रियाएं तथा गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ-साथ मधु मेह में लाभकारी आसान करवाये और संस्थान का परिचय, वासुदेव कुटुम्बकम का ध्येय बीमारी के लक्षण और कारण बताएं। इसी संदर्भ में भारतीय योग संस्थान हिसार जिला इकाई के प्रधान सुरेश जांगड़ा ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार पूरे वर्ष हिसार में निशुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविरों का आयोजन करेंगे, ताकि लोग उचित खानपान व निष्क्रिय जीवन को छोड़कर योगमय जीवन अपनाकर अपने आप को स्वस्थ बनाएं वह औरों को भी इस भयंकर बीमारी से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करें। शहर का कोई भी व्यक्ति इस में भाग ले सकता है। लाल पैथ लैब द्वारा सभी का फ्री शुगर फास्टिंग टेस्ट किया गया।

# हुड्डा सरकार के भूमि सुधार कानून पर लगी हाई कोर्ट की मुहर, विभिन्न वर्ग के लोगों को मिला जमीन का मालिकाना हक : चंद्र प्रकाश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** हरियाणा के ब्राह्मण, ओबीसी और एससी समाज ने पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी का उनके मुख्यमंत्रीत्व काल में पारित किए गए भूमि सुधार कानून के लिए तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा इस कानून को संवैधानिक करार देने पर आभार व्यक्त किया है। चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए भूमि सुधार कानून को माननीय उच्च न्यायालय ने पूरी तरह संवैधानिक करार देते हुए इसकी सराहना की है। कांग्रेस नेता व रिटायर्ड आईएएस श्री चंद्र प्रकाश जी ने बताया कि हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में विभिन्न वर्गों को भूमि का मालिकाना हक देने के लिए कांग्रेस शासनकाल में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने 'दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार और मुकरारीदार अधिनियम 2010' लागू किया था। इसका मकसद वर्षों पहले अलग-अलग गांवों में अन्य स्थान से आकर बसे उन वर्गों को जमीन का मालिकाना हक देना था, जिन्हें पंचायतों व अन्य लोगों ने जमीन दान में दी थी। लाभार्थियों में ब्राह्मण, पुरोहित, पुजारी, जांगिड़-ब्राह्मण, नाई, प्रजापत, लोहार, बाल्मिकी, धानक, गोस्वामी, स्वामी, बड़बुजा, धोबी, तेली व अन्य कारीगर वर्गों के लोग शामिल थे। वर्षों से दान में ली गई जमीन पर रहने, बसने व खेती करने के बावजूद इन वर्गों के लोगों को जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल पाया था। इस कारण वे लोग अपनी आवश्यकतानुसार न तो इस जमीन को बेच सकते थे और न ही इस जमीन पर किसी तरह का कोई लोन ले सकते थे। उनकी इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने उक्त कानून बनाकर उन्हें मालिकाना हक देने का फैसला लिया। लेकिन 2018 में भाजपा सरकार ने हुड्डा सरकार द्वारा बनाए गए कानून को निरस्त कर दिया। कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को बार-बार विधानसभा में भी उठाया। लेकिन बहुमत के जोर पर भाजपा सरकार ने 2010 के इस कानून में संशोधन करते हुए लाभार्थियों से जमीन वापिस लेने का कानून पास कर दिया तथा लाभार्थियों से जमीन खाली करवाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी। इसके बाद यह पूरा मामला कोर्ट में पहुंच गया। अंततः माननीय उच्च न्यायालय ने मामले का निपटारा करते हुए न केवल हुड्डा सरकार द्वारा बनाए गए कानून को संवैधानिक करार दिया है बल्कि इसकी प्रशंसा भी की है। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी कहा कि इस कानून के माध्यम से कृषि सुधारों का उत्कृष्ट संवैधानिक उद्देश्य प्राप्त हुआ है। इस कानून ने कृषि क्षेत्र में सामंतवादी प्रथा को भी समाप्त किया। यह निश्चित रूप से एक प्रशंसनीय कृषि सुधार कानून है। माननीय उच्च न्यायालय के इस फैसले से ब्राह्मण, ओबीसी, एससी समेत तमाम लाभार्थी वर्गों में खुशी की लहर है। श्री चंद्र प्रकाश का कहना है उच्च न्यायालय के फैसले से भाजपा की साजिश विफल हो गई है। भाजपा कभी भी गरीब व वंचित वर्गों को जमीन का हक देने की पक्षधर नहीं रही। इसीलिए उसने हुड्डा सरकार द्वारा लागू किए गए भूमि सुधार कानून का विरोध किया तथा गरीबों को 100-100 वर्ग गज के मुफ्त प्लॉट आवंटन की योजना को भी बंद किया। भाजपा नहीं चाहती कि किसी ग़रीब, दलित व पिछड़ा वर्ग के पास जमीन का मालिकाना हक हो। आगामी चुनावों में देश व प्रदेश का सर्वसमाज अपने वोट की ताकत का अहसास कराते हुए भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगा।

# हकृवि के सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र हुड्डा ने अखिल भारतीय सिविल सर्विस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीते



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र हुड्डा ने स्पोर्ट्स कंपलेक्स सेक्टर-7 चंडीगढ़ में 19 मार्च से 21 मार्च 2024 तक आयोजित हुई अखिल भारतीय सिविल सर्विस की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 40 से 50 आयु वर्ग में शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल प्राप्त किये। योगेन्द्र हुड्डा लगातार चार साल से अखिल भारतीय सिविल सर्विस की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने डिस्कस थ्रो में इस बार अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शॉट पुट में सिविल सर्विस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी योगेंद्र हुड्डा के नाम है। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई डॉ रविंद्र हुड्डा उपनिदेशक पशुपालन विभाग की प्रेरणा से ही उन्होंने खेलों में शुरुआत की थी और अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 25 से ज्यादा पदक प्राप्त कर चुके हैं। इस प्रतियोगिता में जीतने पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। योगेंद्र हुड्डा ने सभी के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए नहीं मिल रहे प्रत्याशी : नरेश नैन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण एवं विकास की नीतियों के कारण केंद्र व प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और हरियाणा की दस की दस लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत हासिल करेगी। यह बात आज भाजपा के खेल प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश नैन ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा की लहर के चलते कांग्रेसी नेता चुनाव लड़ने से बच रहे हैं और कांग्रेस को चुनाव के लिए प्रत्याशी भी नहीं मिल रहे हैं। यही कारण है कि कांग्रेस अभी तक प्रदेश में एक भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाई है। नरेश नैन ने कहा कि भाजपा में कोई भाई भतीजावाद नहीं है। पार्टी किसी भी कार्यकर्ता को उसने काम के बदौलत दायित्व दिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। कांग्रेस की फितरत हमेशा लोगों को आपस में बांट कर शासन करने की है। कांग्रेस ने किसान, मजदूर व गरीब तबके को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का काम किया है।

### Name Change

I, Mahinder Kumar Khatri S/o Om Prakash Khatri R/o H. No. 20, Vishwa Kerma Colony, Hisar, Haryana hereby declare that I have changed my Name from Mahinder Khatri to Mahinder Kumar Khatri for all future purposes.

- Deponent

### Name Change

I, Ishwar Chander S/o Sh. Ram Mehar R/o H. No. 534/21, Mandi Sainian, Hansi, Distt. Hisar declare that I have changed the name of my son from Gitesh to GITESH SAINI for all future purpose.

- Deponent

### नाम व जन्मतिथि परिवर्तन

मैं, सुनील पुत्र श्री राजकुमार, निवासी स्याहड़वा, तह. व जिला हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरे नाम से जारी दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र आदि में मेरी जन्म तिथि 08.03.2003 दर्ज है, जबकि मेरी दसवीं व 12वीं पास अंक तालिका में मेरी जन्म तिथि 07.06.2004 है। व मेरी दसवीं व 12वीं पास अंक तालिका में मेरी माता का नाम शारदा दर्ज है। व मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम शारदा देवी उर्फ शारदा दर्ज है। अब मैं मेरी दसवीं व 12वीं पास अंक तालिका में मेरी जन्म तिथि 08.03.2003 व मेरी माता का नाम शारदा देवी उर्फ शारदा दर्ज करवाना चाहता हूं।

-शपथकार

### बेदखली सूचना

मैं, जयबीर सिंह पुत्र स्व. जगदीश चंद्र, निवासी मकान नं. 231, नया विनोद नगर, मील गेट, हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र नवीन व उसकी धर्मपत्नी शालिनी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार








डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

जापानी चौखट व जंगले ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं
हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404
JBS ENTERPRISES
सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार

# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की कार्यकारिणी ने डॉ. कमल गुप्ता को स्वास्थ्य व उड्डयन मंत्री बनने पर दी बधाई

## भाविप विवेकानंद शाखा के संस्थपापक सदस्य हैं डॉ. कमल गुप्ता





नव चयनित कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के संस्थापक सदस्य डॉ. कमल गुप्ता को हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य व उड्डयन मंत्री बनने पर शाखा की नव चयनित कार्यकारिणी के सदस्य उन्हें बधाई देने पहुंचे। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने डॉ. गुप्ता को फूलों का गुलदस्ता व शॉल भेंट कर उन्हें बधाई दी व सम्मानित किया। उन्होंने कहा डॉ. गुप्ता द्वारा पूर्व में किए गए विकास व जनहित के कार्यों के लिए किए कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा में लगे रहने की आशा व्यक्त की। डॉ. कमल गुप्ता ने इस अवसर पर ऋषिराज बुड़ाकिया को अध्यक्ष, संजीव गोयल को सचिव, अजय सिंगला को कोषाध्यक्ष व रेणु मंगल को पुनः महिला प्रमुख चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई की पूर्व की भांति ही शाखा पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। वहीं विवेकानंद शाखा अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया ने हरियाणा पश्चिम प्रांत की तरफ से चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे कमलेश गर्ग को आगामी वर्ष के लिए 200 सदस्यों की शुल्क राशि का 1 लाख 20 हजार का चैक भी सौंपा। इस अवसर पर शाखा के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास पर पहुंच कर हिसार से लोकसभा प्रत्याशी रणजीत चौटाला ने किया चुनावी विचार- विमर्श



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** भाजपा के हिसार लोक सभा प्रत्याशी व प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला आज स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के मलिक चौक स्थित आवास पर पहुँच कर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत गहन विचार-विमर्श किया व रणनीति बनाई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पुनिया व हिसार जिला प्रभारी जवाहर सैनी, जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री ने उन्हें पूरी तरह आश्वस्त किया कि वे भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाई रणजीत को राजनीति का गहरा अनुभव है। जनता में बहुत लोकप्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं। विभिन मंत्रालयों में मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उनकी कार्य कुशलता बहुत ही बेहतर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की उप्लब्धधियां, जनकल्याणकारी नीतियां, प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का विशेष आशीर्वाद उन्हें सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करता है। पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ता चुनाव में दिन रात काम करेंगे। पार्टी का माइक्रो मैनेजमेंट दूसरी सभी पार्टियों से श्रेष्ठ है। पन्ना प्रमुखों तक पार्टी का गठन यह भाजपा पार्टी की जीत सुनिश्चित करता है। प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी संगठन ने मुझे लोकसभा प्रत्याशी बना कर जनता की सेवा करने का और अधिक बड़ा अवसर प्रदान किया है। मैं पार्टी संगठन और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का अपनी ओर से पूरा-पूरा प्रयास करूंगा।

# पांचाल समाज ने किया डॉक्टर कमल गुप्ता का अभिनंदन : सुधीर पांचाल बड़ाला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति हिसार की ओर से डॉक्टर कमल गुप्ता को दोबारा कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर उनके आवास पर जाकर पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉक्टर कमल गुप्ता ने नगर निकाय मंत्री रहते हुए हिसार व पूरे हरियाणा में नगर पालिका संस्थाओं में अनेक योजनाएं चलाकर नगर निकाय में सुधार करने का काम किया। समिति के प्रधान सुधीर पांचाल बड़ाला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि डॉक्टर कमल गुप्ता का राजनैतिक जीवन बहुत ही सैद्धांतिक रहा है। डाक्टर साहब हमेशा ईमानदार, सच्चाई और कृतव्य निष्ठता के धनी रहे हैं। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि स्वास्थ्य विभाग में अवश्य ही जल्द ही बदलाव देखने को मिलेंगे जिससे आमजन को फायदा मिलेगा। डॉक्टर कमल गुप्ता के स्वास्थ्य मंत्री बनने से हिसार शहर में एक नई उम्मीद की किरण पैदा हुई है ताकि हिसार शहर को एक नए हॉस्पिटल की बिल्डिंग मिल सके। अभिनंदन के अवसर पर छात्रावास समिति के प्रधान सुधीर पांचाल बडाला, उप प्रधान राजकुमार ठेकेदार, श्रीभगवान पांचाल, महासचिव सुभाष तावड़ा, सचिव विजेंद्र विश्वकर्मा, सज्जन पांचाल, संदीप पांचाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दुष्यंत को फायदा पहुंचाने के लिए हिसार में भाजपा ने उतारा कमजोर प्रत्याशी : मनोज राठी

## *पूर्व सीएम की पहल पर दोनों पार्टियां लड़ रही सोची समझी रणनीति के तहत काम*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 27 मार्च :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा है कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व जजपा एक सोची समझी रणनीति के तहत चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने जानबूझकर कमजोर उम्मीदवार रणजीत सिंह को मैदान में उतारा है ताकि जजपा नेता दुष्यंत चौटाला अपनी माता को यहां से मैदान में उतारकर विजयी बनाने का प्रयास कर सकें। उन्होंने मूल रूप से भाजपा से जुड़े लोगों को सलाह दी कि वे अपनी पार्टी में 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर लें ताकि बाहर से आकर टिकट लेने वालों की भीड़ में कुछ मूल भाजपाइयों को भी टिकट मिल सकें। कांग्रेस नेता मनोज राठी हिसार लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से बिजली मंत्री रणजीत सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने स्वार्थ व सेटिंग के चलते भाजपा सारे नियम, कायदे व सिद्धांत ताक पर रख देती है। कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा कि हिसार में भाजपा के दो प्रमुख नेता कुलदीप बिश्नोई व कैप्टन अभिमन्यु टिकट के दावेदार थे लेकिन उनकी ऐन वक्त पर टिकट काटते हुए 30 मिनट पहले शामिल हुए रणजीत सिंह को टिकट दे दी। उन्होंने कहा कि हमें जो पता चला है, उसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व उप मुख्यमंत्री की सांठगांठ से ऐसा हुआ है क्योंकि भाजपा-जजपा का गठबंधन अंदरूनी तौर पर अब भी है और जनता को भ्रमित करने के लिए गठबंधन तोड़ने की घोषणा की गई है। उन्होंने मूल भाजपाइयों को सलाह दी कि अपनी पार्टी में 33 प्रतिशत आरक्षण मांग ले ताकि एक-दो सीट उन्हें मिल सकें। उन्होंने कहा कि हिसार सहित सभी 10 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस मजबूत स्थिति में हैं और कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे।

# श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल ने उत्साह से मनाया वार्षिकोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल बगला रोड, हिसार के रजत जयंती महोत्सव के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में वार्षिक उत्सव बहुत उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक परम पूज्य गुरु डॉक्टर स्वामी सदानंद महाराज ने समारोह के अध्यक्षता की। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन से हुआ। पंचतत्व पर आधारित कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुतियां दी गई। श्रीकृष्ण की रासलीला ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी, हरियाणवी और पंजाबी नृत्य ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। स्कूल की प्रधानाचार्या नीरू भाटिया ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को पढ़ा। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चे अच्छा परिणाम तो ला ही रहे हैं साथ ही खेल और अन्य गतिविधियों में भी अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रोफेसर एस एन टेलटिया, दीनदयाल, सुरेश गर्ग, अशोक मित्तल, राजपाल यादव, पीआर वर्मा व अमित मित्तल उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूज्य गुरुजी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए संस्था को निरंतर उन्नति के पद पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत देश की प्राचीन शिक्षा प्रणाली पूरे विश्व में उच्चतम मानी गई है। विद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर एस एन टेलटिया ने अपने वक्तव्य में भविष्य की योजनाओं पर विचार प्रस्तुत किया तथा आए हुए अतिथि गणों का तहे दिल से धन्यवाद किया। स्कूल को भविष्य की जरूरत के हिसाब से तैयार किया जा रहा है और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल प्रशासन किसी भी प्रकार से समझौता नहीं करेगा।

# राजेश हिन्दुस्तानी को डॉ. कमल गुप्ता सहित विभिन्न नेताओं व लोगों ने दी 5000 दिन तक तिरंगा हाथ में थामे रखने पर बधाई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार डॉ. कमल गुप्ता ने गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी के 13 वर्षों से यानि 5000 दिनों से रोजाना तिरंगा हाथ में थामे रखने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिसार और देश के लिए गर्व की बात है। राष्ट्र को प्रेरित करने के लिए बिना स्वार्थ इन्होंने लंबा संघर्ष किया है। वहीं प्रदेश भाजपा महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने भी राजेश हिन्दुस्तानी को बधाई दी। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश बिदानी, भाजपा विधानसभा हिसार संयोजक रामचंद्र गुप्ता, सचिन ग्रोवर पूर्व प्रत्याशी हिसार विधानसभा लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी आदि ने भी राजेश हिन्दुस्तानी को बधाई देते हुए कहा कि राजेश हिन्दुस्तानी ने देशभक्ति व सेवा की मिसाल कायम की है जो हिसार व देश के लिए युवाओं व सबके प्रेरणा स्त्रोत हैं। हर मुसीबत झेलते इन्होंने तिरंगे को सदा ऊंचा व सलामत रखा व उसे पूरा सम्मान दिया और पूरे देश को तिरंगामय करवाकर माने। हिन्दुस्तानी से सबका धन्यवाद किया।

# स्मॉल वंडर पब्लिक स्कूल ने हवन-यज्ञ से किया नए सत्र का आरंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** आज सैक्टर 16 - 17 स्थित स्मॉल वंडर पब्लिक स्कूल प्रांगण में नये सत्र का आरंभ किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में परमपुज्य स्वामी श्री दिव्यानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अध्यापकगणों ने तथा बच्चों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर भगवान का आह्वान किया तथा गुरू जी से आर्शीवाद लिया। गुरू जी ने बताया कि बच्चों के ऊपर ज्यादा सख्ती न करें, उन्हें प्यार से समझाये तथा अभिभावकों से ये अपील की कि वे अपनी अपेक्षाओं का बोझ बच्चों पर न डालें। अंत में प्राचार्या श्रीमती कमलेशभाकर जी तथा स्कूल निदेशक श्री विनोद कुमार अरोड़ा ने परमपुज्य स्वामी श्री दिव्यानंद जी महाराज का तहेदिल से धन्यवाद किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हिसार कुम्हार महासभा ने लोकसभा की टिकट देने की मांग उठाई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** आज कुम्हार महासभा ने हिसार लोकसभा की टिकट कुम्हार समाज के नेता को देने की मांग को लेकर कुम्हार धर्मशाला में पत्रकार वार्ता का अयोजन किया। कुम्हार महासभा के प्रधान शेर सिंह किरतान ने कहा कि देश व प्रदेश के निर्माण में सबसे ज्यादा योगदान देने वाले अति पिछड़ा वर्ग का रहा है। अति पिछड़ा वर्ग में कुम्हार समाज की संख्या सबसे ज्यादा है,उन्होंने कहा कि अगर हिसार लोकसभा की बात करे तो इसमें कुम्हार समाज के डेढ़ लाख वोट है और ओबीसी के कुल 7 लाख वोट हैं। नोकरियों में 16 प्रतिशत आरक्षण मिलने वाले इस अति मूल पिछड़ा वर्ग को पूरे हरियाणा में अब तक किसी पार्टी ने टिकट नहीं दी है,उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा में भाजपा व इनेलो अपने टिकट घोषित कर चुकी है और अब राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की टिकट की घोषणा होनी बाकी है इस लिए हमारी पार्टी नेतृत्व से मांग है कि कुम्हार समाज से संबंध रखने वाले पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, मनोज टाक माही, भूपेंद्र गंगवा, प्रजापति हनुमान वर्मा में से किसी एक को टिकट देकर कुम्हार समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करे व इसी प्रकार जेजीपी भी कुम्हार समाज को मान सम्मान देने का काम करे। उन्होंने कहा कि अब समय और समीकरण दोनो पक्ष में है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पिछड़े वर्ग की बात करने से काम नही चलेगा अब पिछड़े वर्ग को राजनीति में हिस्सेदारी भी देनी होगी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश बगला, विजयन्द्र माल, सरजीत सिंह, प्रेम कुमार, संदीप आदि मौजूद रहे।

# भारत माता मंदिर में सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव 1 अप्रैल से शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 मार्च :** अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों से जुड़े भारत माता मंदिर में सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समाजसेवी चौ. फतेहचंद जी, माता हरबंस कौर जी एवं श्री विजय शर्मा जी की स्मृति में आयोजित होने वाला यह श्रीराम कथा महोत्सव 1 से 7 अप्रैल तक चलेगा। 1 अप्रैल को सायं 4 बजे एमसी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचेगी। 2 से 6 अप्रैल तक वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री कृष्णशरण शास्त्री जी महाराज हर रोज दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक भगवान श्रीराम का गुणगान करेंगे। 7 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जनकल्याण के निमित हवन होगा और दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि अध्यात्म व देशभक्ति की अलख जगा रहा है। यहां पर समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के केंद्र में स्थापित की गई भारत माता की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहती है।


गुप्ता हस्पताल

नजदीक अनाज मण्डी, सैक्टर-14, सिरसा रोड़, हिसार-125001 (हरि.)

डॉ. नकुल गुप्ता

MBBS, MD, (Medicine)

भूतपूर्व कंसल्टेन्टः गंगाराम हस्पताल, दिल्ली

ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय, पेट रोग, लीवर, साँस, दमा, गठिया व जोड़, नींद ना आना, डिप्रैशन, सिर दर्द, घबराहट दौरे, शराब एवं HIV / AIDS रोग विशेषज्ञ

ECHS, हरियाणा सरकार

आयुष्मान व अन्य T.P.A. के पैनल पर

यहां बीपीएल कार्ड धारकों, विधवाओं, गरीब व्यक्ति, आर्मी कर्मियों व आयुष्मान कार्ड वालों के लिए निःशुल्क परामर्श आजीवन उपलब्ध है

फोन: 92543-78993, 86073-16964


## नाम परिवर्तन

मैं, रमेश पुत्र श्री प्रकाश, निवासी गांव उमरा, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम रामा लिखा गया है, जबकि मेरा असली नाम रमेश है जो कि मेरे सभी कागजात में मेरा नाम रमेश है इसलिए अब मैं अपने ड्राइविंग लाईसेंस में अपना नाम रामा की बजाय रमेश करना चाहता हूं।


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक

उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584

श्याम नागपाल : 92552-73410

संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।



Host your functions in

Largest Airconditioned Banquet of Haryana (12000 sq.ft.)

Midtown GRAND

BANQUETS ✦ CONFERENCES ✦ ROOMS



Contact : Vikas Aggarwal 98960-85200

Reception : 98960-06900, 99960-04411



ADMISSION OPEN

BHARTI VIDYA MANDIR SCHOOL

(Recognized) Mob. No. 9992300049, 8398855117, 118

A Premier English Medium CBSE Pattern School

Saket Colony, Opp. Central Jail-2 Rajgarh Road, Hisar

ADMISSION Open For Nur. to 8th Class (English Medium)

- Montessori Class Rooms & Montessori teaching Techniques
- Digital Classrooms
- Well equipped Music Room
- Audio Visual Poem Room
- Art & Craft Rooms
- Lot of Swings & Beautiful Train for Entertainment
- Well settled Kids Lab and Sci. Lab
- Special arrange for yoga, Skating & attractive games
- Special classes for English speaking & weak students
- Affordable fee with lot of facilities
- Computer Room
- School bus facility available
- Special coding classes for student of classes 1st to 8th class

PROSPECTUS ARE AVAILABLE IN SCHOOL CAMPUS

Note: Admission fee will be exempted for Nursery to 2nd Class upto 31st March 2024